## महत्वपूर्ण एवं खास

### बालोद के बाद अब दुर्ग रेलवे स्टेशन में भी पकड़ाया फर्जी टीटीई

**रायपुर (आरएनएस)।** शुक्रवार और शनिवार को रायपुर रेल मंडल में दो फर्जी टीटीई (ञ्जञ्जश्व) पकड़ाए हैं. पहला टीटीई बालोद में तो दूसरा टीटीई दुर्ग रेलवे स्टेशन में पकड़ाया है। सूत्रों ने मामले की पुष्टी करते हुए बताया कि दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में फर्जी टीटीई के सूचना की जानकारी आरपीएफ को मिली थी. जिसके बाद असली टीटीई से बुलाकर इसकी पुष्टी की गई और उसे पकड़ लिया गया है. हालांकि दुर्ग आरपीएफ अभी आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिसके बाद आधिकारिक रूप से इसकी जानकारी सामने आएगी. आरपीएफ के उच्च पदस्थ सूत्र के मुताबिक आरोपी का नाम अवधेश साहू निवासी सूरजपुर है. उक्त आरोपी दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में यात्रियों की टिकट चेक अपने आप को टीटीई बताकर कर रहा था. हालांकि आरोपी ने किसी यात्री से पैसे लिए हैं या नहीं इसकी पुष्टी आरपीएफ के खुलासे के बाद होगी. आरोपी के खिलाफ दुर्ग जीआरपी थाने में एफआईआर दर्ज कर, कार्रवाई करने की तैयारी चल रही है.

### टब में डूबकर मासूम का करुणांत

**कोरबा (आरएनएस)।** घर में रखे टब में डूबकर 9माह की मासूम का करुणांत होने पर बांगो पुलिस ने उसके पिता की सूचना पर मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बांगो थाना अंतर्गत ग्राम सेमरचुआं मानिकपुर निवासी बलिहार तिग्गा का 9 माह का पुत्र भूपेंद्र तिग्गा कल मध्यान्ह 3 बजे के लगभग पानी से भरे टब में गिर गया। जिससे कि उसमें डूबकर उसकी मौत हो गई। बांगो पुलिस ने मृतक के पिता के द्वारा सूचना दिए जाने पर मर्ग क्रमांक 66/23 कायम कर शव को पंचनामा कार्रवाई के उपरांत उसे पीएम के लिए पोड़ी उपरोड़ा सीएचसी के चीरघर भिजवा दिया।

### नागरिकों को बड़ी राहत : 6 माह तक बिल जमा नहीं करने पर भी मिलेगा बिजली बिल हाफ योजना का लाभ

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार ने प्रदेश की जनता को एक बड़ी राहत देते हुए बिजली बिल हाफ योजना में छूट का दायरा बढ़ा दिया है। अब 6 माह तक बिल जमा नहीं करने पर भी इस योजना का लाभ मिलेगा, पूर्व में यह अवधि मात्र 2 थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के ठीक पूर्व राज्य सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना में छूट का दायरा काफी बढ़ा दिया है। 01 अगस्त से लागू इस नए निर्देश के बाद अब प्रदेश के नागरिकों को इस योजना का और ज्यादा लाभ मिलेगा। सूत्रों की माने तो पूर्व में बिजली बिल की राशि 2 माह के अंदर जमा करने पर ही बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिलता था और बकाया राशि की 50 प्रतिशत राशि ही बिल के रूप में ली जाती थी। अब नागरिक यदि 6 माह तक भी बिजली बिल की राशि जमा नहीं करते तो भी उन्हें बिल राशि में 50 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। इससे मध्यमवर्गीय परिवारों को विशेष राहत मिलेगी। मध्यमवर्गीय परिवारों में महीने का बजट फिक्स होता है, परंतु अचानक आने वाले खर्चों के चलते कई बार बजट गड़बड़ा जाता है, इसके चलते हजारों परिवार हर माह बिजली बिल जमा नहीं कर पाते थे। मगर अब इस योजना का दायरा बढ़ जाने से निश्चित रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों को काफी राहत मिल जाएगी।

# शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में हुआ स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल

**❐ सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा**

**❐ स्वतंत्रता दिवस में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल होंगे मुख्य अतिथि**



**रायगढ़।** जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आज स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। फुल ड्रेस रिहर्सल सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में सहायक कलेक्टर युवराज मरमट ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वाह कर ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। इसके पश्चात परेड निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल भी किया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव एवं आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी भी मंच पर उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात सलामी, राष्ट्रगान व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। जिसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 6वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, नगर सेना महिला एवं पुरूष बल, एनसीसी कैडेट की टुकडिय़ों, स्काउट द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। तत्पश्चात स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंच व बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति, पेयजल आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को उनको सौंपे गए दायित्वों के अनुसार सारी तैयारियां समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, डिप्टी कलेक्टर एस.के.कंवर सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल करेंगे ध्वजारोहण-** 15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल मुख्य अतिथि होंगे तथा शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जिसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये जायेंगे।

## भारत निर्वाचन आयोग ने जिले में चल रहे स्वीप गतिविधियों को सराहा

**❐ अपने सोशल मीडिया पेजेस में युवा दिवस पर रायगढ़ स्टेडियम में हुए कार्यक्रम को दी जगह**




**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता के लिए जिले में स्वीप कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं। जिसे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार सराहा जा रहा है।

युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नये मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत बोईरदादर स्टेडियम में बड़ी संख्या में कालेज एवं स्कूली बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से न्यू वोटर्स एवं भारत निर्वाचन आयोग के प्रतीक चिन्ह की आकृति तैयार की गई थी। आयोजित स्वीप कार्यक्रम की सराहना करते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने वीडियो एवं फोटो को अपने सोशल मीडिया पेजेस में शेयर कर लोगों से मतदान की अपील की हैं।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा के दिशा-निर्देशन में आगामी निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 02 अगस्त से विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका जो आगामी 31 अगस्त तक किया जाएगा। जिसमें नए मतदाताओं को जोडऩे के साथ लोगों को मतदान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## कई यात्री ट्रेनों के रद्द होने से हजारों यात्री बेहाल



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली 19 ट्रेनों को रेलवे प्रशासन ने 22 अगस्त तक के लिए रद्द कर दिया है। रेलवे के इस फैसले से हजारों यात्रियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि हावड़ा-मुंबई मेन लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बिलासपुर-चांपा सेक्शन में चौथी लाइन का काम चल रहा है। इस दौरान सक्ती स्टेशन की रिमॉडलिंग और चौथी लाइन से जोडऩे का काम भी लच रहा है। यह काम 22 अगस्त तक पूरा होने की उम्मीद है। इसी के चलते ट्रेनों को रद्द, परिवर्तित मार्ग से तथा कुछ ट्रेनों को गंतव्य के पूर्व समाप्त किया गया है। 22 अगस्त तक बिलासपुर से चलने वाली 08738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, रायगढ़ से चलने वाली 08737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल और बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके बाद 22 अगस्त तक बिलासपुर से चलने वाली 08736 बिलासपुर–रायगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। वहीं 23 अगस्त तक रायगढ़ से चलने वाली 08735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 21 अगस्त, 2023 तक टाटानगर से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस, इतवारी से चलने वाली 18110 इतवारी-टाटानगर- एक्सप्रेस रद्द रहेगी। आज 13 अगस्त को पटना से चलने वाली 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस, 14 अगस्त को भुवनेश्वर से चलने वाली 12880 भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस, 16 अगस्त को कुर्ला से चलने वाली 12879 कुर्ला भुवनेश्वर- एक्सप्रेस को रद्द किया गया है।

## उत्कृष्ट विवेचना के लिए पुरस्कृत होंगे निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर

**❐ निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर की विवेचना पर अबोध बालिका की अपहरण और हत्या की आरोपिया को हुई है आजीवन कारावास की सजा**



रायगढ़ । 12 अगस्त 2023 को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2023 में "जांच में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक" से पुरस्कृत होने वाले पुलिसकर्मियों की घोषणा की गई है जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के पुलिसकर्मी के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के 03 पुलिस अधिकारी- निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, निरीक्षक नवीन बोरकर और उप निरीक्षक नीता राजपूत भी शामिल हैं।

निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकर को जिला राजनांदगांव में पदस्थापना दौरान थाना लालबाग में अबोध बालिका की अपहरण और हत्या मामले की उत्कृष्ठ विवेचना करने पर यह पुरस्कार प्राप्त हो रहा है। विदित हो कि इस मामले की विवेचना पर प्रकरण की आरोपिया को न्यायालय से आजीवन कारावास की सजा हुई है।

निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर वर्तमान में थाना प्रभारी तमनार, जिला रायगढ़ में कर्तव्यरत हैं। इसके पूर्व जिला राजनांदगांव में पदस्थापना दौरान थाना लालबाग के प्रभारी थे। फरवरी 2019 में ग्राम राजाभानपुरी की रहने वाली 4 साल की मासूम बालिका डिंपल निर्मलकर की किडनैपिंग और मर्डर मामले की विवेचना उनके द्वारा की गई थी। जिसमें उनके द्वारा आरोपिया आरती साहू पति छन्नूलाल साहू 25 साल निवासी राजा भानपुरी थाना लालबाग जिला राजनांदगांव के विरूद्ध ग्राह्य किये गए साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रमाणित पाये गये और आरोपिया आरती साहू को बालिका की अपहरण कर हत्या और साक्ष्य छिपाने का अपराधिक कृत्य दोष सिद्ध हुआ। माननीय अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) राजनांदगांव द्वारा 21 अप्रैल 2023 को घोषित मामले के निर्णय में आरोपिया को अपहरण के लिये 10 साल व अर्थदंड, साक्ष्य छिपाने के लिये 05 साल व अर्थदंड और हत्या के आरोपित 302 आईपीसी की धारा में आजीवन कारावास व 1,000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

डीआईजी रायगढ़ रेंज राम गोपाल गर्ग तथा जिले के सभी अधिकारियों द्वारा निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांव को उनकी इस उपलब्धी पर बधाई संदेश व शुभकामनाएं दिया गया है।

## स्वीप कार्यक्रम:दिव्यांगजनों ने निकाली ट्राय साईकिल रैली, मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित : 'चला रईगढ़िया, वोट देवईया' का नारा रैली में गूंजा।

**❐ बोईरदादर स्टेडियम से निकली रैली, कमला नेहरू पार्क में हुई संपन्न**

**❐ दिव्यांग जनों के साथ राहगीरों ने भी उत्साह से लिया मतदान के लिए शपथ**



**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज मतदाता जागरूकता हेतु दिव्यांगजनों द्वारा ट्राई साइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान एसडीएम गगन शर्मा, तहसीलदार लोमस मिरी उपास्थित रहें।

समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम में बोईरदादर स्टेडियम से दिव्यांगजनों ने मतदाता जागरूकता हेतु ट्राई साईकिल रैली निकाली, जो कमला नेहरू पार्क में संपन्न हुई। जहां दिव्यांगजनों ने ट्राई साईकिल में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेशों के बोर्ड लगा कर निकले। दिव्यांगजन उत्साह के साथ रैली में शामिल हुए और चला रईगढिय़ा, वोट देवईयां के नारे लगाकर शहरवासियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपील की। ज्ञात हो कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत युवाओं के लिए विशेष अभियान चलाकर युवाओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाया जा रहा हैं। ताकि कोई भी युवा मतदाता मताधिकार से वंचित न रहें।

इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण आलोक भवाल, सुशील सिंह, विनय तिवारी, उन्नायक सेवा समिति से श्रीमति रूपाली रवानी, नेहा सिन्हा, सिद्धार्थ शंकर मोहंती, जस्सी फिलिप भोजराम, मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल एवं बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

**दिव्यांगजनों के साथ राहगीरों ने भी ली मतदान के लिए शपथ-** स्वीप सतरंगी माह कार्यक्रम के अंतर्गत हर वर्ग विशेष के लोगों को फोकस कर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। जिससे मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सबकी सहभागिता सुनिश्चित किया जा सकें। आज आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम गगन शर्मा ने दिव्यांग जनों को मतदान के लिए शपथ दिलाई, इस दौरान मौजूद राहगीरों ने भी उत्साह पूर्वक शामिल होते हुए मतदान के लिए शपथ ली।

## छत्तीसगढ़ में अदरक की कीमत 300 के पार, हरी सब्जियों का भाव अभी भी आसमान पर



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में स्थानीय स्तर पर आवक कम होने से अदरक का थोक भाव बढक़र भी 250 प्रति किलो के पार हो गया है. वहीं फुटकर में 280 से 300 रुपए किलो की दर से लोगों को अच्छी अदरक मिल पा रही है।

आमतौर पर 30 से 40 रुपए प्रति किलो की दर से मिलने वाले नए अदरक की कीमत भी थोक में 160 रुपए प्रति किलो है. सब्जी कारोबारियों का कहना है कि मौजूदा समय में लोकल अदकर की आवक काफी कम हो गई है.

किसानों के पास भी अब बड़ा भंडार नहीं है. अब काफी कम उपलब्धता है. पुराने अच्छे अदरक की कीमत तीन सौ से अधिक है, जबकि सडऩे की कगार पर पहुंच चुके निम्न गुणवत्ता वाले अदरक की कीमत थोक कीमत भी ढाई सौ रुपए प्रति किलो पहुंच गई है. मौजूदा समय में बाजार में अच्छी गुणवत्ता वाली अदरक कभी कभार ही पहुंच रहा हैं. नए अदरक का भाव भी आसमान में होने के चलते लोगों को इसके जायके के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है. वर्तमान समय में टमाटर की कीमत अभी भी 250 से 280 रुपए किलो के बीच बनी हुई है. अन्य हरी सब्जियों का भाव अभी भी आसमान पर हैं. मूली और साग सब्जियों को छोडक़र शेष सभी सब्जियों की कीमत 40 रुपए से अधिक है।

## 12 अगस्त को आयोजित विशेष शिविर में 5979 फार्म हुए प्राप्त

**❐ नाम जुड़वाने, संशोधन, विलोपन से संबंधित किसी भी प्रकार के लिए कर सकते है आवेदन प्रस्तुत**

**❐ आगामी 19 एवं 20 अगस्त को भी होगा मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन**

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 अंतर्गत रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। 12 अगस्त को आयोजित विशेष शिविर में रायगढ़ जिले में कुल 5979 फार्म अविहित अधिकारी/बीएलओ द्वारा प्राप्त किया गया है। जिसमें नाम जोड़वाने हेतु फार्म-6 के 3250, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 के 1716 एवं संशोधन हेतु फार्म-8 के 1013 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आगामी 19 एवं 20 अगस्त 2023 को भी समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 अगस्त शनिवार को आयोजित विशेष शिविर में मतदाताओं की जागरूकता परीलक्षित हुई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा में नाम जोड़वाने हेतु फार्म-6 के 1057, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 के 846 एवं संशोधन हेतु फार्म-8 के 373 कुल 2276 आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ में नाम जोड़वाने हेतु फार्म-6 के 844, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 के 264 एवं संशोधन हेतु फार्म 8 के 232 कुल 1340 आवेदन मिले। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया में नाम जोड़वाने हेतु फार्म-6 के 719, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 के 359 एवं संशोधन हेतु फार्म-8 के 215 कुल 1293 आवेदन एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में नाम जोड़वाने हेतु फार्म-6 के 630, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 के 247 एवं संशोधन हेतु फार्म-8 के 193 कुल 1070 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंर्तगत 12 अगस्त 2023 को आयोजित विशेष शिविर में रायगढ़ जिले में कुल फार्म-6 के 3250, फार्म-7 के 1716 एवं फार्म-8 के 1013 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

मतदान केन्द्रों में आयोजित शिविर के दौरान जनसामान्य मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसी तरह नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाने, नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु, आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोडऩे अथवा दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जिले के मतदाताओं से आग्रह किया है कि विशेष शिविर के दौरान मतदाता सूची में नाम जोडऩे, विलोपन, संशोधन कराने के लिए अपने मतदान केन्द्र के अविहित अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपने आवश्यकता अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित विलोपन एवं संशोधन करा सकते है।

## कोटवारों को दिया गया साइबर क्राइम की जानकारी और बताए गए प्राकृतिक आपदाओं के समय बरतने वाली सावधानियां

**❐ थाना प्रभारी धरमजयगढ़ लिये ग्राम कोटवारों की बैठक**



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा आज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम के कोटवारों का थाना परिसर में संयुक्त बैठक लिया गया। थाना प्रभारी द्वारा उन्हें गांव में शांति व्यवस्था स्थापित करने उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होना बताकर उन्हें गांव में होने वाले झगड़े विवाद, अवैधनिक कृत्यों की सूचना तत्काल थाने में देने कहा गया और आने वाले चुनाव में उनके कार्यों की जानकारी दिये। थाना प्रभारी द्वारा कोटवारों को साइबर क्राईम की जानकारी देकर वर्तमान समय में ठगों द्वारा बैंक कर्मी या विभिन्न कंपनियों का कस्टमर केयर बनकर फोन कर केवाईसी आदि के नाम पर उनके बैंक खाता, एटीएम नंबर, सीवीवी नंबर, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड आदि गोपनीय जानकारियों प्राप्त कर ठगी कर लेने और क्विक सपोर्ट/एनीडेस्क जैसे रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन मोबाइल पर डाउनलोड कराकर भी खातों से सम्बन्धित गोपनीय जानकारी लेकर ठगी करने के संबंध में जानकारी दिया गया और मोबाइल पर अनजान व्यक्ति से ऐसी सूचनाएं साझा नहीं करना बताये। कोटवारों को गांव के लोगों को भी साइबर अपराधों के संबंध जागरूक करने कहा गया। थाना प्रभारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा जैसे-भारी बारिश, गर्जना के समय बरतने वाली सावधानियों की विस्तृत में जानकारी देकर गांव में विशेष रूप से मुनादी कर लोगों को जागरूक करने कहा गया। थाना प्रभारी द्वारा पुलिस और कोटवारों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उन्हें पुलिस के लिये महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करने प्रेरित किया गया है। थाना प्रभारी एवं थाने के स्टाफ द्वारा सभी कोटवारों को नोट बुक व पेन भेंट कर नियमित थाना आने कहा गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480